हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
14 अगस्त 2024, समय 1810

- देश कल अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु  अब कुछ ही देर बाद स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- कुरुक्षेत्र में  विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने विभाजन के बाद रक्तपात में मरे गए लोगो को श्रदांजलि अर्पित की ।
- स्वतंत्रता दिवस पर हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी को  राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं 12 अन्य पुलिस अधिकारियों को पुलिस पदक से अलंकृत किया गया ।
- हरियाणा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न जिलों में पुलिस विभाग एवं प्रशासन द्वारा  तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ।

देश कल अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे।स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण रात साढ़े नौ बजे किया जायेगा।दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी बारी बारी से हिंदी और अंग्रेजी में यह संबोधन प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि देश के बंटवारे के समय जिन लोगों ने नरसंहार की त्रासदी को झेला उनकी पीड़ा को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री आज जिला कुरुक्षेत्र में पंचनद स्मारक ट्रस्ट द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

*मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन हमें भाईचारे का संदेश देने के साथ-साथ यह भी याद दिलाता है कि सामाजिक एकता के सूत्र टूटते हैं तो देश भी टूट जाया करते हैं। प्रधानमंत्री ने इस दिन को मनाने की घोषणा इसी उद्देश्य से की थी कि भारतवासी अपने इतिहास से सबक लें और स्वर्णिम भविष्य के लिए राष्ट्र की एकता के प्रति समर्पित हों। हरियाणा की इस भूमि ने बंटवारे*

*के दर्द को कुछ अधिक ही सहन किया है। यहां से अनेक परिवार पाकिस्तान तो गए ही, उस समय के पश्चिमी पंजाब से उजड़कर आने वाले परिवारों की संख्या भी अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है।*

श्री नायब सिंह सैनी ने भारत के विभाजन के बाद हुए रक्तपात में मारे गए पूर्वजों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ऐसा नरसंहार दुनिया के किसी भी भू-भाग में न हो। भारत का विभाजन एक ऐसी त्रासदी है, जिस पर आजादी के बाद का लगभग आधा साहित्य भरा पड़ा है। विभाजन की पीड़ा को कभी भुलाया नहीं जा सकता।मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाजन की उन्हीं यादों को बनाए रखने और नई पीढ़ियों को आपसी प्यार व सद्भाव की सीख देने के लिए कुरुक्षेत्र जिले के गांव मसाना में देश का विश्व स्तरीय शहीदी स्मारक बनाया जा रहा है। इस स्मारक पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए पंचनद स्मारक ट्रस्ट ने 25 एकड़ भूमि सरकार को दान के रूप में दी है। मुख्यमंत्री ने स्मारक के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 51 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह स्वतंत्रता दिवस पर कुरुक्षेत्र की नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे उपायुक्त सुशील सारवान ने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा सुबह पौने नौ बजे शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। ध्वजारोहण 9 बजे किया जाएगा।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आज अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाजन का दर्द झेल चुके लोगो ने आप बीती सुनाई । अंबाला मंडल रेल प्रबंधक मंदीप सिंह भाटिया ने इन लोगो को स्मानित किया। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड द्वारा देशभक्ति को दर्शाता नाटक भी प्रस्तुत किया गया और एक प्रदर्शनी भी लगाई गई । उधर पलवल रेलवे स्टेशन पर भी एक कार्यक्रम और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक दीपक मंगला ने शिरकत की । इस दौरान विभाजन में जान गँवाने वालों को श्रद्धांजलि भी दी गई ।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज अग्रोहा में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अग्रोहा को हिसार महानगर विकास प्राधिकरण में शामिल करने की घोषणा की। अब इसे हिसार-अग्रोहा महानगर विकास प्राधिकरण के नाम से जाना जाएगा।उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि महाराजा अग्रसेन ने अग्रोहा की इसी पावन धरा को अपनी राजधानी बनाया था। उन्होंने कहा कि हिसार में बन रहे हवाई अड्डे का नाम भी महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखा गया है।

स्वतंत्रता दिवस पर हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस पदक जबकि 12 अन्य पुलिस अधिकारियों व जवानों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा पदकों की घोषणाकी गयी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाज़ जाएगा। सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत होने वालों में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण, सुरेन्द्र सिंह भौरिया , सहायक उप महानिरीक्षक कमल दीप गोयल, , पुलिस उपायुक्त विजय प्रताप सिंह , उप पुलिस अधीक्षक दीपक,संदीप कुमार निरीक्षक अनिल कुमार, ओम प्रकाश,ओम प्रकाश, महिला उप निरीक्षक संतोष, और सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह शामिल हैं।हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह समस्त पुलिस बल के लिए बहुत ही गौरव व सम्मान का क्षण है।

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के भानु प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा हर घर तिरंगा अभियान एवं स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। मोटरसाइकिल रैली को उपमहानिरीक्षक डा. टेक चंद ने झंडी दिखाई। मोटरसाइकिल रैली गांव भानु, बिल्ला, कोट, बुंगा तथा रायपुर रानी से होती हुई वापिस पहुंची। इसके अतिरिक्त प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र की पाईप बैण्ड टीम ने चंडीगढ़ में सुखना झील पर देश भक्ति गीतों की धुन बजाकर दर्शकों को मंत्र-मुग्ध किया ।

हरियाणा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भी कई जगह तिरंगा यात्राएं निकाली गई। भिवानी में पुलिस विभाग व जिला प्रशासन द्वारा सांसद धर्मबीर सिंह के नेतृत्व में नेहरू पार्क से लघु सचिवालय परिसर तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान युवाओं को अपने लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ समाज व राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया गया।भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ की अगुवाई में भी शहर के लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान विधायक ने लोगों से शहीदों के सम्मान में कार्यक्रमों का आयोजन करने और उनके जीवन से सीख लेने का आहवान किया।फतेहाबाद पुलिस द्वारा भी शहर में लाल बत्ती चौक से लेकर पुराने बस अड्डे तक तिरंगा यात्रा निकाली गई, फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। रोहतक में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई । उपायुक्त अजय कुमार और पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन मैदान से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस पुलिस लाइन मैदान में ही संपन्न हुई।होडल में विधायक जगदीश नायर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर चले और वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए ।फरीदाबाद पुलिस विभाग द्वारा भी आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा पुलिस आयुक्त कार्यालय से शुरू होकर एनआईटी और बल्लभगढ़ जोन से होते हुए सेक्टर 12 स्थित शहीद स्मारक पर समाप्त हुई, जहां पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।तिरंगा यात्रा में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा और फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता और पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने शिरकत की। केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ में निकाली गई तिरंगा यात्रा में भी शिरकत की।

........................................................................

परिवहन मंत्री असीम गोयल ने आज अम्बाला में पुलिस विभाग के सौजन्य से हर्बल पार्क के नजदीक आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । उन्होंने तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वन्दे मातरम् के नारों से लोगों में उत्साह भरा । तिरंगा यात्रा में शामिल हजारों प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा, भारत के हर नागरिक व युवा में यह भावना मजबूत होनी चाहिए कि तिरंगा हमारी आन बान और शान हैं। ।उन्होंने कहा कि युवाओं की संख्या की दृष्टि से भारत दुनिया में अग्रणी स्थान पर हैं। भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में युवा शक्ति को मिलकर कार्य करना हैं ।

---